## सामान्य अध्ययन

1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (आचार्य) | सूची-II (सिद्धान्त) |
|---|---|
| A. लकुलीश | 1. आजीवक |
| B. नागार्जुन | 2. शून्यवाद |
| C. भद्रबाहु | 3. पाशुपत |
| D. गोसाल | 4. जैन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

2. निम्नलिखित में से किस शासक ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की थी ?
(a) गोपाल (b) देवपाल
(c) महीपाल I (d) धर्मपाल

3. निम्नलिखित शासकों के नाम सही कालक्रमानुसार संयोजित कर अपना उत्तर नीचे दिए गए कूट से चयन कीजिए :
1. विद्याधर 2. धंग
3. यशोवर्मा 4. कीर्तिवर्मा
**कूट :**
(a) 3, 2, 1, 4 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 3, 1, 4, 2 (d) 2, 3, 1, 4

4. गुर्जर प्रतिहार शासकों में से किसकी उपाधि 'आदि वराह' थी ?
(a) वत्सराज (b) नागभट्ट II
(c) मिहिर भोज (d) नागभट्ट I

5. बिहार के किस जिले ने 100 घंटे में 11244 टॉयलेट निर्माण करके रिकॉर्ड स्थापित किया ?
(a) सिवान (b) गोपालगंज
(c) छपरा (d) मुजफ्फरपुर

6. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | अभिलेख | | शासक |
|---|---|---|---|
| (a) | नासिक | – | गौतमीपुत्र |
| (b) | हाथीगुम्फा | – | खारवेल |
| (c) | भितरी | – | पुल्केशिन द्वितीय |
| (d) | गिरनार | – | रुद्रदामन प्रथम |

7. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | (यात्री) | | (देश) |
|---|---|---|---|
| (a) | इब्न बतूता | – | मोरक्को |
| (b) | मार्कोपोलो | – | इटली |
| (c) | अब्दुर रज्जाक | – | तुर्की |
| (d) | नूनिज | – | पुर्तगाल |

8. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
1. मोहम्मद तुगलक द्वारा राजधानी का स्थानान्तरण
2. अफ़गानपुर षड्यंत्र
3. जलालुद्दीन खलजी की हत्या
4. तराइन का द्वितीय युद्ध
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) 4, 3, 2, 1 (b) 3, 1, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 2, 4, 3

9. निम्नलिखित में से किस चिश्ती संत को 'चिराग-ए-दिल्ली' कहा जाता है ?
(a) मुईउद्दीन (b) फरीदुद्दीन
(c) निजामुद्दीन औलिया (d) नासिरुद्दीन

10. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'शाहरुख' नामक चाँदी का सिक्का चलाया ?
(a) अकबर (b) बाबर
(c) हुमायूँ (d) शाहजहाँ

11. बौद्ध धर्म में 'त्रिरत्न' का क्या अभिप्राय है ?
(a) त्रिपिटक
(b) बुद्ध, धम्म, संघ
(c) शील, समाधि, संघ
(d) सत्य, अहिंसा, करुणा

12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. रणथम्भौर | 1. कर्णदेव |
| B. चित्तौड़ | 2. राजा राय रामचन्द्र |
| C. देवगिरि | 3. हमीरदेव |
| D. गुजरात | 4. राणा रतन सिंह |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |



Subscribe Now

13. चंपारण कृषीय जाँच समिति का सदस्य निम्नलिखित में से कौन नहीं था ?
(a) एफ.जी. स्लाई (b) डी.जे. रीड
(c) अनुग्रह नारायण (d) महात्मा गांधी

14. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :
1. गांधी-इरविन समझौता
2. साम्प्रदायिक पँचाट (निर्णय)
3. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन
4. नेहरू रिपोर्ट
उपरोक्त घटनाओं को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) 3, 2, 1, 4 (b) 3, 1, 4, 2
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 4, 1, 3, 2

15. सुभाष चन्द्र बोस का राजनीतिक गुरु कौन था ?
(a) जी.के. गोखले (b) सी.आर. दास
(c) बी.सी. पाल (d) बी.जी. तिलक

16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (विद्रोह)** | **सूची-II (वर्ष ई.)** |
|---|---|
| A. अहोम | 1. 1855-56 |
| B. कोल | 2. 1828 |
| C. संथाल | 3. 1921 |
| D. मोपला | 4. 1831-32 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

17. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'दीवान-ए-अमीर-कोही' विभाग की स्थापना की थी ?
(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मुहम्मद-बिन तुगलक
(d) फिरोज शाह तुगलक

18. 'ऑपरेशन रुबिकॉन' वह कूट शब्द था जिसे भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस संदर्भ में प्रयोग में लाया जाना था ?
(a) जेल में गांधी का आमरण अनशन
(b) जय प्रकाश नारायण की गतिविधियाँ
(c) गोलमेज सम्मेलन में गांधी की सहभागिता
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :
1. अगस्त प्रस्ताव
2. पूना समझौता
3. तृतीय गोलमेज सम्मेलन
4. साम्प्रदायिक निर्णय
उपरोक्त घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) 4, 3, 2, 1 (b) 4, 2, 3, 1
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 2, 1, 4

20. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) स्थानीय स्वशासन – लॉर्ड लिटन
(b) सहायक संधि – लॉर्ड वेलेजली
(c) राज्य-अपहरण नीति – लॉर्ड डलहौजी
(d) स्थायी बंदोबस्त – लॉर्ड कार्नवालिस

21. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. समाचार दर्पण | 1. राजा राममोहन राय |
| B. मिरात-उल अखबार | 2. बी.जी. तिलक |
| C. केसरी | 3. महात्मा गांधी |
| D. यंग इण्डिया | 4. जे.सी. मार्शमैन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

22. कूका आंदोलन की नींव पड़ी थी
(a) बंगाल में (b) बिहार में
(c) पंजाब में (d) महाराष्ट्र में

23. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति आज़ाद हिन्द फौज से नहीं जुड़ा था ?
(a) मेजर जनरल शाहनवाज खान
(b) कर्नल प्रेम कुमार सहगल
(c) कर्नल शौकत अली मलिक
(d) मेजर करतार सिंह

Current Affairs By Rajneesh

24. निम्नलिखित में से कौन सा एंजाइम प्रोटीनों को ऐमीनो अम्लों में विघटित करता है ?
(a) पेप्सिन (b) लैक्टेस
(c) यूरिएस (d) जाइमेस

25. निम्नलिखित हॉर्मोनों में से कौन सा एक स्त्रीलिंग हॉर्मोन है ?
(a) ऐन्ड्रोस्टेरोन (b) टेस्टोस्टेरोन
(c) एस्ट्रोन (d) थायरॉक्सिन

26. निम्नलिखित में से कौन सा बहुलक जैव–निम्नीकृत नहीं किया जा सकता ?
(a) सैलुलोस (b) स्टार्च
(c) प्रोटीन (d) पी.वी.सी.

27. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) ऐल्युमिनियम – बॉक्साइट
(b) कॉपर – सिनेबार
(c) जिंक – कैलामाइन
(d) आयरन – हेमैटाइट

28. समुद्री घास निम्नलिखित तत्त्व का मुख्य तथा महत्त्वपूर्ण स्रोत है :
(a) आयोडीन (b) क्लोरीन
(c) ब्रोमीन (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) विटामिन D – सुखण्डी
(b) विटामिन C – मसूढ़ों से खून आना
(c) विटामिन A – गठिया
(d) विटामिन $B_1$ – बेरीबेरी

30. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) क्लोरोमाइसेटिन – टाइफॉयडनाशी
(b) क्रिस्टल वॉयलेट – पूतिरोधी
(c) कीनीन – मलेरियारोधी
(d) ऐस्पिरिन – निश्चेतक

31. मकड़ियों द्वारा उत्पादित रेशम कहलाता है :
(a) टसर रेशम (b) मूंगा रेशम
(c) गॉसमिर रेशम (d) अहिंसा रेशम

32. एक सामान्य 70 किग्रा भार वाले वयस्क मनुष्य में रक्त की कुल मात्रा होती है लगभग :
(a) 6000 मिली (b) 5000 मिली
(c) 4000 मिली (d) 3000 मिली

33. ऊष्मा की इकाई निम्नलिखित में से कौन नहीं है ?
(a) सेन्टीग्रेड (b) कैलोरी
(c) अर्ग (d) जूल

34. लाई–फाई के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) लाई–फाई का विस्तृत रूप 'लाइट–फिडेलिटी' (प्रकाश तदरूपता) है ।
(b) भारत में लाई–फाई का सफल परीक्षण 29 जनवरी, 2018 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने किया था ।
(c) लाई–फाई द्वारा 10 जी.बी./सेकण्ड डाटा को 1 किमी की परिधि में भेजा जा सकता है ।
(d) इसका क्रियान्वयन ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क द्वारा किया जाता है ।

35. विद्युत चुम्बकीय प्रेरण पर आधारित युक्ति है :
(a) धारामापी (b) विभवमापी
(c) डायनेमो (d) विद्युत मोटर

36. प्रकाश–संश्लेषण प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति आवश्यक नहीं है ?
(a) सूर्य का प्रकाश (b) ऑक्सीजन
(c) जल (d) कार्बन डाइऑक्साइड

37. जीवाणु भोजियों के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही है/हैं ?
1. जीवाणुभोजी, विषाणु होते हैं जो जीवाणुओं को संक्रमित करते हैं ।
2. जीवाणुभोजी आनुवंशिक अभियांत्रिकी में प्रयुक्त होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) (1) तथा (2) दोनों (d) न तो (1) और न ही (2)

38. ताप के निम्नलिखित में से किस पैमाने में ऋणात्मक मान नहीं होता है ?
(a) सेल्सियस (b) फॉरेनहाइट
(c) केल्विन (d) रियूमर

39. दो समान द्रव्यमान की वस्तुओं की गतिज ऊर्जाओं का अनुपात 4 : 9 है, तो उनके वेगों का अनुपात होगा :
(a) 4 : 9 (b) 2 : 3
(c) 16 : 81 (d) $\sqrt{2} : \sqrt{3}$



Current Affairs By Rajnesh

40. भारत के राज्यों में से उत्तरप्रदेश निम्नलिखित में से किन फसलों का अग्रणी उत्पादक है ?
(a) गेहूँ, आलू, मूँगफली (b) गेहूँ, आलू, गन्ना
(c) आलू, गन्ना, कपास (d) आलू, गन्ना, धान

41. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | (फसल) | | (प्रजाति) |
|---|---|---|---|
| (a) | सरसों | – | वरुणा |
| (b) | मटर | – | सपना |
| (c) | अलसी | – | सूर्या |
| (d) | मूँगफली | – | कौशल |

42. निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ शाकनाशी है ?
(a) क्लोरपाइरीफॉस (b) कार्बेन्डाजिम
(c) क्विनॉलफॉस (d) ब्यूटाक्लोर

43. भारत के राज्यों में से कौन सा राज्य चावल का सर्वाधिक उत्पादन (प्रति हेक्टेयर) करता है ?
(a) पश्चिम बंगाल (b) उत्तरप्रदेश
(c) हरियाणा (d) पंजाब

44. भारत को वर्ष 2017-18 में अधिकतम कच्चा तेल की आपूर्ति करने वाला निम्नलिखित में से कौन सा देश था ?
(a) सऊदी अरब (b) ईरान
(c) इराक (d) कुवैत

45. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) अमरबेल – तना परवीजी
(b) चन्दन – जड़ परजीवी
(c) आर्किड – अधिपादप (एपिफाइट)
(d) घटपर्णी – जलोद्भिद

46. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (फसल/पौधारोपण) | सूची – II (सर्वाधिक उत्पादक राज्य) |
|---|---|
| A. जूट | 1. केरल |
| B. चाय | 2. उत्तरप्रदेश |
| C. गन्ना | 3. असम |
| D. रबर | 4. पश्चिम बंगाल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

47. विभिन्न प्रकार की मिट्टियों की जल–धारण क्षमता का घटता हुआ क्रम है :
(a) मृत्तिका > गाद > बालू
(b) मृत्तिका > बालू > गाद
(c) बालू > गाद > मृत्तिका
(d) गाद > बालू > मृत्तिका

48. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | (संस्थान) | | (स्थान) |
|---|---|---|---|
| (a) | भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान | – | वाराणसी |
| (b) | केन्द्रीय उपोष्ण उद्यान अनुसंधान संस्थान | – | श्रीनगर |
| (c) | भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | – | लखनऊ |
| (d) | भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान | – | कानपुर |

49. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) गेरूई, गेहूँ में पाया जाने वाला रोग है।
(b) अगैती झुलसा, आलू में पाया जाने वाला रोग है।
(c) झूठ कंड (फाल्स स्मट), जौ में पाया जाने वाला रोग है।
(d) खैरा, धान में पाया जाने वाला रोग है।

50. कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** मिट्टी की प्रजातियों में से मृत्तिका अधिकतम जल धारण करती है।
**कारण (R) :** मृत्तिका में रंध्राकाश बड़े आकार के पाये जाते हैं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है।

51. प्रथम 'दीनदयाल हस्तकला संकुल' व्यापार सुविधा केन्द्र अवस्थित है :
(a) आगरा में (b) वाराणसी में
(c) कानपुर में (d) गोरखपुर में

52. भारतीय अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र की भागीदारी वर्ष 2016-17 में थी :
(a) ₹ 51.8 लाख करोड़ (b) ₹ 50.6 लाख करोड़
(c) ₹ 49.0 लाख करोड़ (d) ₹ 52.8 लाख करोड़

Current Affairs By Rajnesh

53. निम्नलिखित में से किस वस्तु का 2017 में भारत से निर्यात सर्वाधिक रहा है ?
(a) कृषि एवं संबंधित उत्पाद
(b) अभियांत्रिकीय वस्तुएँ (इन्जीनियरिंग सामान)
(c) वस्त्र
(d) रसायन

54. निम्नलिखित में से कौन सी एजेन्सी भारत से कृषि–सामानों के निर्यात में सम्मिलित नहीं है (सहभागी नहीं है) ?
(a) नैफेड (b) स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन
(c) इफको (d) एम.एम.टी.सी.

55. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (बाँध) | सूची – II (नदी) |
|---|---|
| A. दुलहस्ती | 1. चम्बल |
| B. गाँधीसागर | 2. चिनाब |
| C. ऊकाई | 3. तापी |
| D. तवा | 4. तवा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

56. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (घास के मैदान) | सूची – II (देश) |
|---|---|
| A. पम्पाज | 1. ऑस्ट्रेलिया |
| B. पुस्टैज | 2. दक्षिण अफ्रीका |
| C. वेल्ड | 3. अर्जेंटिना |
| D. डाऊन्स | 4. हंगरी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

57. 'ट्राई' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की नियामक संस्था है ?
(a) यातायात (b) पर्यटन
(c) तकनीकी शिक्षा (d) दूरसंचार

58. स्टॉक एक्सचेंज में निम्नलिखित में से कौन सट्टेबाज नहीं है ?
(a) दलाल (b) तेजड़िया
(c) मंदड़िया (d) स्टैग

59. चिक्विकामाटा (चीली) निम्नलिखित में से किस खनिज के लिए विश्व प्रसिद्ध है ?
(a) ताँबा (b) लौह
(c) चाँदी (d) मैंगनीज

60. निम्नलिखित में से कौन सा शैल समूह भारत में धात्विक खनिजों का प्रमुख स्रोत है ?
(a) टर्शियरी समूह (b) विंध्यन समूह
(c) गोण्डवाना समूह (d) धारवाड़ समूह

61. 'इंडिया, स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2017 के अनुसार देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत वनाच्छित है ?
(a) 21.04 (b) 21.54
(c) 20.54 (d) 20.04

62. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (राष्ट्रीय उद्यान) | सूची – II (राज्य) |
|---|---|
| A. इन्तानकी | 1. झारखण्ड |
| B. बेतला | 2. तमिलनाडु |
| C. सिरोही | 3. नागालैंड |
| D. गुईन्दी | 4. मणिपुर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

63. पृथ्वी की सतह का वह भाग, जिस पर भूकम्पीय तरंगों को सर्वप्रथम रिकॉर्ड किया जाता है, कहलाता है
(a) भूकम्प मूल (b) अधिकेन्द्र
(c) सीस्मोसाइट (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. जापान के निम्नलिखित चार द्वीपों का उत्तर से दक्षिण अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सही है ?
(a) होकैडो, होंशू, क्यूशू, शिकोकू
(b) होकैडो, शिकोकू, होंशू, क्यूशू
(c) होकैडो, होन्शू, शिकोकू, क्यूशू
(d) होकैडो, क्यूशू, होंशू, शिकोकू

Current Affairs By Rajneesh

65. भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर निम्नलिखित में से किस राज्य में जनसंख्या घनत्व उच्चतम था ?
(a) उत्तरप्रदेश (b) बिहार
(c) पंजाब (d) तमिलनाडु

66. माल्थस के अनुसार, जनसंख्या नियंत्रण का सर्वाधिक प्रभावकारी उपाय निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(a) युद्ध (b) विपत्ति
(c) जन्म नियंत्रण (d) अनैतिक व्यवहार

67. जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में महिला साक्षरता न्यूनतम थी ?
(a) उत्तरप्रदेश (b) राजस्थान
(c) केरल (d) आन्ध्रप्रदेश

68. वर्ष 2011 की जनगणना में निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या में कमी आई ?
(a) नागालैंड (b) केरल
(c) सिक्किम (d) मणिपुर

69. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में साक्षरता सर्वाधिक थी ?
(a) मणिपुर (b) पंजाब
(c) असम (d) मध्यप्रदेश

70. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में नगरीय जनसंख्या का देश की कुल जनसंख्या की प्रतिशतता थी :
(a) 28.50 (b) 31.16
(c) 37.60 (d) 39.20

71. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (पहाड़ियाँ) | सूची – II (राज्य) |
|---|---|
| A. गारो | 1. मेघालय |
| B. मिरी | 2. तमिलनाडु |
| C. कोल्लइ मलाई | 3. अरुणाचल प्रदेश |
| D. डालमा | 4. झारखण्ड |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

72. भारत में तटीय राज्यों की संख्या है :
(a) 06 (b) 07
(c) 08 (d) 09

73. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा राज्य साक्षरता दर एवं नगरीकरण के स्तर में भारत में द्वितीय स्थान पर है ?
(a) मिजोरम (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) त्रिपुरा

74. वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर निम्नलिखित राज्यों को उनके नगरीकरण के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. गुजरात 2. आन्ध्रप्रदेश
3. महाराष्ट्र 4. पश्चिम बंगाल
कूट :
(a) 4, 2, 3, 1 (b) 3, 4, 2, 1
(c) 2, 3, 1, 4 (d) 1, 2, 4, 3

75. पारिस्थितिक तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. स्वपोषी (स्वपोषणज) स्तर पर उत्पादन को प्राथमिक उत्पादकता कहा जाता है ।
2. द्वितीयक उत्पादकता का संदर्भ परपोषी (विषमपोषणज) स्तर के उत्पादन से है ।
उपरोक्त में से सही कथन है/हैं :
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

76. एक पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा की मात्रा एक पोषण स्तर से अन्य स्तर में स्थानान्तरण के पश्चात् :
(a) बढ़ती है ।
(b) घटती है ।
(c) स्थिर रहती है ।
(d) बढ़ सकती है या घट सकती है ।

77. निम्नलिखित में से किस प्रकार के वनों में अधिकतम पादप विविधता पायी जाती है ?
(a) उष्णकटिबंधीय आर्द्र पतझड़ वन
(b) उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन
(c) शीतोष्ण आर्द्र वन
(d) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन

78. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल नगरीय जनसंख्या में महानगरों की जनसंख्या की प्रतिशतता थी :
(a) 31.16 (b) 36.48
(c) 42.61 (d) 49.20

79. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में नगरीय जनसंख्या की प्रतिशतता न्यूनतम थी ?
(a) त्रिपुरा (b) सिक्किम
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश



Current Affairs By Rajnesh

80. उत्तरप्रदेश में निम्नलिखित में से कौन सा शहर निर्यात-विकास केन्द्र नहीं है ?
(a) आगरा (b) इलाहाबाद
(c) खुर्जा (d) मेरठ

81. पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ रक्षा अनुसंधान संस्थान अवस्थित है :
(a) लखनऊ में (b) मेरठ में
(c) अयोध्या में (d) मथुरा में

82. 'नोयडा' उत्तरप्रदेश के किस जिले में अवस्थित है ?
(a) गौतमबुद्ध नगर (b) गाजियाबाद
(c) मेरठ (d) शाहजहाँपुर

83. उत्तरप्रदेश के वर्ष 2018-19 के बजट का आकार कितना है ?
(a) ₹ 824384.53 करोड़
(b) ₹ 428354.53 करोड़
(c) ₹ 428384.52 करोड़
(d) ₹ 824254.52 करोड़

84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** 'भोजपुरी' पूर्वी उत्तरप्रदेश की लोकभाषा है ।
**कारण (R) :** पूर्वी उत्तरप्रदेश के लोग अन्य भाषाओं में असहज होते हैं ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

85. उत्तरप्रदेश का कौन सा जनपद दसहरी आम का सर्वोच्च उत्पादक है ?
(a) आगरा (b) लखनऊ
(c) वाराणसी (d) प्रतापगढ़

86. पृथ्वी का सर्वाधिक वृहद् पारिस्थितिक तंत्र निम्नलिखित में से कौन है ?
(a) जलमण्डल (b) जीवोम
(c) स्थलमण्डल (d) जैवमण्डल

87. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तरप्रदेश में साक्षरता दर में 2001 से 2011 तक वृद्धि हुई थी :
(a) 11.45 % (b) 12.45 %
(c) 13.45 % (d) 14.45 %

88. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | (शहर) | (विशेषता) |
|---|---|---|
| (a) | वाराणसी | – संस्कृति एवं धर्म |
| (b) | लखनऊ | – प्रदेश की राजधानी |
| (c) | झांसी | – औद्योगिक केन्द्र |
| (d) | मुरादाबाद | – पीतल उद्योग |

89. उत्तरप्रदेश के लोकायुक्त की पदधारण अवधि है :
(a) 5 वर्ष (b) 6 वर्ष
(c) 7 वर्ष (d) 8 वर्ष

90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** कन्नौज 'इत्र का शहर' है ।
**कारण (R) :** कन्नौज शहर के सभी निवासियों के यहाँ इत्र का उद्योग है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है ।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

91. उत्तरप्रदेश में 'सिंगल विन्डो क्लीयरेंस विभाग' के निम्नलिखित उद्देश्यों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन
2. औद्योगिक अनुमोदन
**कूट :**
(a) केवल 1 सही है ।
(b) केवल 2 सही है ।
(c) 1 तथा 2 दोनों सही हैं ।
(d) न तो 1 और न ही 2 सही है ।

92. प्रसिद्ध 'ठुमरी' गायिका गिरिजा देवी का जन्म किस शहर में हुआ था ?
(a) लखनऊ (b) अलीगढ़
(c) मुरादाबाद (d) वाराणसी

93. उत्तरप्रदेश का सबसे पूर्वी शहर निम्नलिखित में से कौन है ?
(a) बलिया (b) आजमगढ़
(c) बाराबंकी (d) बस्ती

Current Affairs By Rajneesh

94. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 170 के अनुसार किसी राज्य की विधान सभा के सदस्यों की न्यूनतम तथा अधिकतम संख्या क्रमशः हो सकती है
(a) 40 तथा 400 (b) 50 तथा 450
(c) 50 तथा 500 (d) 60 तथा 500

95. भारतीय संविधान के 70वें संशोधन द्वारा भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में जिन दो केन्द्र-शासित प्रदेशों को भाग लेने का अधिकार दिया गया है, वे हैं
(a) दिल्ली तथा चंडीगढ़
(b) दिल्ली तथा पुडुचेरी
(c) दिल्ली तथा दमन एवं दीव
(d) चंडीगढ़ तथा पुडुचेरी

96. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | संस्था | | स्थापना का वर्ष |
|---|---|---|---|
| (a) | केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो | – | 1963 |
| (b) | केन्द्रीय सतर्कता आयोग | – | 1964 |
| (c) | भ्रष्टाचार निरोधक कानून | – | 1985 |
| (d) | प्रवर्तन निदेशालय | – | 2000 |

97. प्रशासनिक सुधार आयोग, 1967 जिसने पहली बार लोकपाल तथा लोकायुक्त बनाने की संस्तुति की थी, के अध्यक्ष थे
(a) मोरारजी देसाई (b) के. संथानम
(c) चौधरी चरण सिंह (d) बाबू जगजीवन राम

98. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के द्वारा अस्पृश्यता की समाप्ति की व्यवस्था की गई है ?
(a) अनुच्छेद-14 (b) अनुच्छेद-15
(c) अनुच्छेद-16 (d) अनुच्छेद-17

99. पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों (सीटों) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है/हैं ?
1. इसका प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 243 D (3) में किया गया है।
2. यह आरक्षण अनुच्छेद 334 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेगा।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** जी.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में भारत सरकार का राजकोषीय घाटा 2017-18 में बजट-अनुमान की तुलना में अधिक था।
**कारण (R) :** वर्ष 2017-18 में अप्रत्यक्ष करों की वसूली, जी.एस.टी. लागू हो जाने के कारण, सापेक्षतः कम थी।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चूनिए :

**कूट :**
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

101. भारत के बाह्य क्रेडिट में 2017 तक निम्नलिखित में से कौन सा अवयव मुख्य रहा है ?
(a) अनिवासी भारतीयों का डिपॉजिट (जमा राशि)
(b) अल्पकालीन ऋण
(c) व्यापार साख
(d) वाणिज्यिक ऋण

102. भारत के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है/हैं ?
1. वर्ष 2017-18 के लिए राजकोषीय घाटे को बढ़ाकर जी.डी.पी. का 3.5 प्रतिशत रखा गया।
2. वर्ष 2018-19 के लिए राजकोषीय घाटे को जी.डी.पी. का 3.3 प्रतिशत लक्षित किया गया है।
3. वर्ष 2020-21 के लिए राजकोषीय घाटे को जी.डी.पी. का 3.1 प्रतिशत अनुमानित किया गया है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**
(a) केवल 3 (b) केवल 1 तथा 3
(c) केवल 1 तथा 2 (d) केवल 2 तथा 3

Current Affairs By Rajneesh

103. दिसम्बर, 2017 में भारत सरकार की हिस्सेदारी निम्नलिखित में से किस बैंक में सर्वाधिक थी ?
(a) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
(b) यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया
(c) बैंक ऑफ इण्डिया
(d) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

104. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार उत्तरप्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले की साक्षरता दर सर्वाधिक है ?
(a) इलाहाबाद (b) वाराणसी
(c) बरेली (d) गाजियाबाद

105. 'काष्ठ–नक्काशी घरेलू उद्योग' के लिए उत्तरप्रदेश का कौन सा नगर प्रसिद्ध है ?
(a) गोरखपुर (b) सहारनपुर
(c) मेरठ (d) कानपुर

106. उत्तरप्रदेश में उत्तर केन्द्रीय क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र स्थापित है :
(a) आगरा में (b) वाराणसी में
(c) इलाहाबाद में (d) बरेली में

107. उत्तर प्रदेश को 'भारत का शक्कर का कटोरा' क्यों कहा जाता है, इसको स्पष्ट करने के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. उ.प्र. में गन्ने का सर्वाधिक उत्पादन होता है ।
2. उ.प्र. में गन्ना अभियांत्रिकी शिक्षा संस्थान हैं ।
3. उ.प्र. में चीनी मिलों की संख्या सर्वाधिक है ।
4. उ.प्र. में गन्ना उत्पादकों की संख्या सर्वाधिक है ।

उपरोक्त में से सही स्पष्टीकरण कौन हैं ?
(a) केवल 1 तथा 3 (b) केवल 1 तथा 2
(c) केवल 1, 2 तथा 4 (d) केवल 2, 3 तथा 4





108. उत्पादक कीमत सूचकांक मापता है
(a) उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की कीमत के औसत परिवर्तन को ।
(b) उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमत के मामूली परिवर्तन को ।
(c) उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमत में कुल परिवर्तन को ।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

109. भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है/हैं ?
1. इसमें पंचायतों को स्वशासन की संस्था स्वीकार किया गया ।
2. इसमें शहरी स्थानीय सरकार को स्वशासन की संस्था स्वीकार किया गया ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(a) 1 तथा 2 दोनों (b) केवल 2
(c) केवल 1 (d) न तो 1 और न ही 2

110. एक व्यक्ति के चित्र को देखते हुए संजय ने कहा "इसकी माँ मेरे पिता के पुत्र की पत्नी है । मेरा कोई भाई तथा बहन नहीं है ।" संजय किसके चित्र को देख रहा था ?
(a) अपने पुत्र का (b) अपने भतीजे का
(c) अपने चचेरे भाई का (d) अपने पिता का

111. वेन रेखाचित्र की सहायता से तर्कवाक्य "कुछ फेरीवाले लखपती हैं" का सही प्रतीकिकरण निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(a)

(b)

(c)

(d)



112. एक बन्दर किसी फिसलनदार 16 मी. ऊँचे खम्भे पर चढ़ता है । यदि वह 1 मिनट में 1 मी चढ़ता है तथा अगले मिनट में 1/4 मी फिसल जाता है, तो वह खम्भे की चोटी पर पहुँचेगा
(a) 30 मिनट में
(b) 32 मिनट में
(c) 36 मिनट में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

113. भारत के निम्नलिखित में से किन राज्यों में 'थारु जनजाति' निवास कर रही है ?
(a) बिहार तथा मध्यप्रदेश
(b) झारखंड तथा बिहार
(c) छत्तीसगढ़ तथा हिमाचल प्रदेश
(d) उत्तराखंड तथा उत्तरप्रदेश

114. 2017-18 के संघ–बजट में निम्नलिखित में से कौन घटित नहीं हुआ ?
(a) सामाजिक व्यय के 'योजना' तथा 'गैर–योजना' में वर्गीकरण की समाप्ति ।
(b) केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की संख्या में वृद्धि ।
(c) रेलवे के वित्त को मुख्य बजट में सम्मिलित करना ।
(d) संघ बजट की तारीख को लगभग एक माह अग्रसित करना ।

Current Affairs By Rajneesh

**115.** नीचे दिए गए चित्र में कितने वर्ग उपस्थित हैं (यदि AB = BC = CD = DE = EF = FG तथा सभी आंतरिक कोण 90° हैं) ?




(a) 9 (b) 11
(c) 13 (d) 14

**116.** नीचे दी गई सारिणी में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 4 | 20 |
| 8 | 5 | 12 |
| 7 | 6 | ? |

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

**117.** राम 1 किमी पूरब दिशा में चलकर, 5 किमी दक्षिण दिशा में चलता है । वहाँ से फिर 2 किमी पूरब दिशा में चलकर अन्त में 9 किमी उत्तर दिशा में चलता है । वह अपने आरम्भ बिन्दु से कितनी दूरी पर है ?

(a) 10 किमी (b) 8 किमी
(c) 7 किमी (d) 5 किमी

**118.** निम्नलिखित अनुक्रम में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :
6, 24, 60, 120, 210, ___

(a) 324 (b) 336
(c) 428 (d) 440


**119.** यदि "कुछ सन्त शहीद थे" सत्य है तो तर्कवाक्य "कुछ शहीद असन्त नहीं थे" के सत्य अथवा असत्य होने के बारे में क्या अनुमान किया जा सकता है ?

(a) अनिश्चित (b) सत्य
(c) असत्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** किसी कूट भाषा में SISTER और CAR को क्रमशः 212345 और 765 लिखा जाता है, तो 655423 निम्नलिखित में से किसका कूट है ?

(a) ARREST
(b) ASRERT
(c) ASSERT
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**121.** नीचे दिए गए तीसरे चित्र में X कौन सी संख्या है ?




(a) 82 (b) 92
(c) 102 (d) 108

**122.** एक स्कूल की घंटी 8 बार बजने में 14 सेकण्ड लेती है । इसे 4 बार बजने में कितना समय लगेगा ?

(a) 6 सेकण्ड (b) 7 सेकण्ड
(c) 8 सेकण्ड (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**123.** A, B से लम्बा है, परन्तु C जितना लंबा नहीं है । D, E से लंबा है, परन्तु B जितना लंबा नहीं है । E, F से लंबा है, परन्तु D जितना लंबा नहीं है । इन सबमें कौन सबसे अधिक लंबा है ?

(a) B (b) C
(c) D (d) F

**124.** निम्नलिखित अनुक्रम का अगला अक्षर क्या है ?
B, D, G, K. P, ____

(a) T (b) U
(c) V (d) W

**125.** 'मिग–21 बाइसन' लड़ाकू विमान को अकेले उड़ाकर इतिहास रचने वाली पहली महिला लड़ाकू पायलट का नाम बतायें ।

(a) भावना कान्त (b) सुभांगी स्वरूप
(c) मोहना सिंह (d) अवनी चतुर्वेदी

**126.** उस भारतीय जिमनास्ट का नाम बतायें जिसने फरवरी, 2018 में 'जिमनास्टिक विश्व कप' में पहली बार व्यक्तिगत पदक जीतकर इतिहास रचा ।

(a) अरुणा बुद्धा रेड्डी (b) दीपा करमाकर
(c) प्रणति नायक (d) राकेश पात्रा

**127.** दिया गया है कि A, B का भाई है, C, A का पिता है; D, E का भाई है और E, B की पुत्री है । तब D का चाचा है

(a) A (b) B
(c) C (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**128.** नीचे दिए गए अनुक्रम में (?) की जगह क्या आना चाहिए ?
ADG, GJM, MPS, (?)

(a) SVW (b) SVX
(c) SVY (d) SWY

129. 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2018' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. विश्व में भारत तीसरा सर्वाधिक अरबपतियों की संख्या वाला देश है ।
2. भारत में 118 अरबपति हैं ।
3. चीन में सर्वाधिक संख्या में अरबपति हैं ।

उपरोक्त में से, सही कथन है/हैं :

(a) केवल 1 (b) केवल 1 तथा 2
(c) केवल 2 तथा 3 (d) केवल 1 तथा 3

130. 'अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबन्धन' का प्रथम शिखर सम्मेलन निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था ?

(a) नई दिल्ली (b) न्यूयॉर्क
(c) पेरिस (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

131. 'सुल्तान अजलान शाह कप 2018' जीता था

(a) भारत ने (b) हॉलैंड ने
(c) ऑस्ट्रेलिया ने (d) जर्मनी ने

132. कौन सा देश 24वें शीतकालीन ओलम्पिक, 2022 की मेजबानी करेगा ?

(a) इटली (b) चीन
(c) जापान (d) जर्मनी

133. 21वाँ फीफा विश्व कप, 2018 निम्नलिखित में से किस देश में सम्पादित होगा ?

(a) ब्राजील (b) अर्जेन्टीना
(c) स्पेन (d) रूस

134. मार्च, 2018 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी की गई 'विश्व खुशहाली रिपोर्ट, 2018' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. भारत पिछले वर्ष 2017 के अपने स्थान से 11 स्थान नीचे पहुँच गया है ।
2. फिनलैंड प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वाधिक खुशहाल देश है ।
3. इस रिपोर्ट में केवल 155 देश सम्मिलित हैं ।

उपरोक्त में से, सही कथन है/हैं :

(a) केवल 1 (b) केवल 1 तथा 2
(c) केवल 1 तथा 3 (d) केवल 2 तथा 3

135. 'विश्व पर्यावरण दिवस 2018' का मुख्य विषय (थीम) क्या है ?

(a) प्रकृति से लोगों को जोड़ना
(b) एक विश्व, हमारा पर्यावरण
(c) प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करो
(d) भविष्य के लिए जल बचाओ

136. सौ फीसदी सौर ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला केन्द्र-शासित प्रदेश है

(a) चंडीगढ़
(b) दीव
(c) अण्डमान-निकोबार
(d) पुडुचेरी

137. मार्च 2018 में, भारत के किस राज्य ने अपने राज्य-ध्वज का अनावरण किया ?

(a) पश्चिम बंगाल (b) महाराष्ट्र
(c) केरल (d) कर्नाटक

138. केन्द्रीय बजट 2018-19 के आधार पर सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I** (क्षेत्र) | **सूची-II** (बजट आबंटन : लाख करोड़) |
|---|---|
| A. रक्षा | 1. ₹ 1.38 |
| B. कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियाँ | 2. ₹ 1.69 |
| C. खाद्य सहायिकी | 3. ₹ 0.63 |
| D. ग्रामीण विकास | 4. ₹ 2.82 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

139. टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. 20 मार्च, 2018 को वह पुरुष एकल में विश्व के नंबर 1 रैंक वाले खिलाड़ी हैं ।
2. वह बीस पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी हैं ।
3. मार्च, 2018 तक उन्होंने सात बार पुरुष एकल विम्बलडन जीता है ।

उपरोक्त में से, सही कथन है/हैं :

(a) केवल 1 तथा 2 (b) केवल 2
(c) केवल 2 तथा 3 (d) केवल 1 तथा 3

140. निम्नलिखित में से किस देश ने ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कमी करने हेतु 2019 से 'कार्बन टैक्स' लगाने की घोषणा की है ?

(a) थाईलैंड (b) चीन
(c) सिंगापुर (d) मलेशिया

Current Affairs By Ratnesh